Title: Need to provide irrigation facilities to the farmers residing in places which have been declared dark blocks.

प्रो.एस.पी.सिंह बघेल (जलेसर) : महोदय, केन्द्रीय सरकार द्वारा धरती पर गिरते हुए जलस्तर को देखते हुए कुछ ब्लॉक को डार्क ब्लॉक घोषित कर दिया गया है और जिन ब्लॉकों को डार्क ब्लॉक घोषित कर दिया गया है उन ब्लॉकों में नए ट्यूबवैल हेतु विद्युत कनैक्शन नहीं दिए जा रहे हैं तथा किसानों को बोरिंग हेतु फ्री बोरिंग एवं बोरिंग कराए जाने से सबसिडी भी बंद कर दी गई है।

में सरकार से जानना चाहूंगा कि एक तो गिरते हुए जलस्तर से किसान स्वयं परेशान है ऊपर से सरकार द्वारा नए ट्यूबवैल कवैक्शन न देने से स्थिति अत्यधिक विकट हो गई है।

अतः केन्द्र सरकार से अनुरोध है कि घोषित किए गए डार्क ब्लॉकों में किसानों को ट्यूबवैल कनैक्शन दिए जाएं तथा वहां पर सिंचाई हेतु नहरों अथवा अन्य वैकल्पिक साधन उपलब्ध कराए जाएं।